राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–150/2024

राज्यपाल ने पेरिस ओलंपिक, 2024 में भारत के लिए रजत पदक जीतने पर श्री नीरज चोपड़ा को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 09 अगस्त, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पेरिस ओलंपिक, 2024 में भाला फेंक स्पर्धा में भारत के लिए रजत पदक जीतने पर श्री नीरज चोपड़ा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि दो लगातार ओलंपिक खेलों में स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाले श्री नीरज चोपड़ा पहले भारतीय एथलीट हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से देश गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

....